भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1636**

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

**आंध्र प्रदेश में ब्लैक स्पॉट के कारण दुर्घटनाएं**

1636. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले ब्लैक स्पॉट की कुल संख्या कितनी है तथा उनकी पहचान के लिए जिला-वार क्या मापदंड अपनाए गए हैं;

(ख) आंध्र प्रदेश में इन ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन स्थानों पर सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए पूरी हो चुकी तथा चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों में आंध्र प्रदेश में ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए आवंटित तथा उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मंत्रालय ने लगातार तीन कैलेंडर वर्षों में दुर्घटनाओं में हुई घातकताओं और गंभीर चोटों के आधार पर सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट के लिए मानदंड तय किए हैं। उपरोक्त मानदंडों और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) पर 1,603 ब्लैक स्पॉट की पहचान की है। आंध्र प्रदेश राज्य में पहचाने गए ब्लैक स्पॉट का जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) से (ग) सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए 1,487 ब्लैक स्पॉट स्थानों पर सड़क चिन्हांकन, साइनेज, क्रैश बैरियर, ऊंचे फुटपाथ मार्कर, डिलिनेटर, मध्य पट्टी को बंद करने, यातायात सुचारू करने के उपाय आदि जैसे तत्काल अल्पकालिक उपाय कार्य पहले ही पूरे किए जा चुके हैं।

709 ब्लैक स्पॉट पर सड़क ज्यामितीय सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि जैसे दीर्घकालिक सुधार उपायों की आवश्यकता है और 481 ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यह कार्य पहले ही पूरे किए जा चुके हैं।

दिसंबर 2024 तक आंध्र प्रदेश सहित देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट स्थानों पर अल्पकालिक उपायों का कार्य पूरा करने और जहां भी आवश्यक हो, दीर्घकालिक सुधार उपायों को मंज़ूरी देने के लिए एक विशेष पहल की गई है, जिसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में आंध्र प्रदेश भी शामिल है, जिसे वित्तीय वर्ष 2026-27 तक चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य है।

(घ) सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्यों के लिए अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की जाती है, जिन्हें या तो चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यों के हिस्से के रूप में या स्टैंडअलोन आधार पर निष्पादित किया जाता है। हालांकि, आंध्र प्रदेश राज्य में सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट के सुधार सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित निधि और व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **आवंटन (करोड़ रु. में)** | **व्यय (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 2021-22 | 5,890 | 5,890 |
| 2022-23 | 6,957 | 6,957 |
| 2023-24 | 11,440 | 11,440 |
| 2024-25 | 2,516 | 1,944 |

**अनुबंध**

**'आंध्र प्रदेश में ब्लैक स्पॉट के कारण दुर्घटनाएं' के संबंध में श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा पूछे गए दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1636 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**-------------------------------------------------------------------------------------------------------------**

**<u>जिले-वार सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट:</u>**

| **क्र.सं.** | **ज़िला** | **ब्लैक स्पॉट की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अल्लुरी सीतारामा राजू | 2 |
| 2 | अनकापल्ली | 40 |
| 3 | अनंतपुरमु | 103 |
| 4 | अन्नमय्या | 47 |
| 5 | बापतला | 17 |
| 6 | चित्तूर | 48 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 53 |
| 8 | एलुरु | 55 |
| 9 | गुंटूर | 42 |
| 10 | काकीनाडा | 101 |
| 11 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनसीमा | 26 |
| 12 | कृष्णा | 148 |
| 13 | कुरनूल | 77 |
| 14 | नांदयाल | 27 |
| 15 | एनटीआर | 207 |
| 16 | पलनाडु | 27 |
| 17 | पार्वतीपुरम मन्यम | 7 |
| 18 | प्रकाशम | 48 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 83 |
| 20 | श्री सत्य साई | 34 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 84 |
| 22 | तिरुपति | 65 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 150 |
| 24 | विजयनगरम | 23 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 46 |
| 26 | वाईएसआर | 43 |
| | **कुल** | **1603** |

*****